हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026






## आश्रम के जरिये बच्चों को करते थे प्रेरित, जांच में जुटी पुलिस

# विदेशी फंडिंग से धर्मान्तरण का पर्दाफाश
# राज्य के कई जिलों में फैला व्यापक नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम धर्मापुर में आश्रम संचालन एवं नाबालिक बच्चों को रखने व कथित रूप से धर्मांतरण के मामले में मिली शिकायत पर पुलिस ने जांच अभियान तेज कर दिया है। पुलिस के प्रारंभिक परीक्षण से यह संकेत मिला है कि कथित धर्मांतरण गतिविधियां एक संगठित नेटवर्क के रूप में संचालित की जा रही थी, जो केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं थी।

पुलिस के मुताबिक 8 जनवरी को थाना लालबाग अंतर्गत पुलिस चौकी सुकुलदैहान में एक लिखित शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत में लगाए गए आरोपों के अनुसार ग्राम धर्मापुर में एक व्यक्ति द्वारा आश्रम, चर्च संचालन, नाबालिक बच्चों को रखने तथा कथित रूप से धर्मांतरण से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी गई थी।

### डिजिटल साक्ष्य में अहम जानकारी

जांच के दौरान महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य भी प्राप्त किए गए हैं। जिनमें लैपटॉप, टैबलेट, आई-पैड एवं मोबाइल फोन शामिल है। इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से प्राप्त डिजिटल दस्तावेज, डेटा एवं प्रेजेंटेशन सामग्री के माध्यम से कई अहम जानकारियां सामने आई है। इसके अतिरिक्त विवेचना के दौरान सोलर-आधारित प्रोजेक्टर भी जब्त किए गए हैं। जिनकी अनुमानित कीमत हजारों डॉलर बताई जा रही है। ये उपकरण विशेष रूप से उन दूरस्थ क्षेत्रों में उपयोग किए जाते हैं, जहां विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं होती।



### लेन-देन के श्रोतों की जांच

इसके साथ ही प्रकरण के वित्तीय लेन-देन एवं धन स्रोतों की भी गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आश्रम, चर्च संचालन हेतु धन कहां से प्राप्त हो रहा था, उसके स्रोत क्या है, तथा क्या इसमें किसी अन्य अवैध या संगठित गतिविधि का कोई कोण जुड़ा हुआ है।

### दस्तावेज जब्त

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान पुलिस को कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण एवं चौंकाने वाले तथ्य प्राप्त हुए हैं। जांच के क्रम में आरोपी से संबंधित कई दस्तावेज, अभिलेख, रजिस्टर एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है। जिनके प्रारंभिक परीक्षण से यह संकेत मिला है कि कथित धर्मांतरण गतिविधियां एक संगठित नेटवर्क के रूप में संचालित की जा रही थीं, जो केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं थी।

### कई लोगों के संलिप्तता के संकेत, जांच जारी

पुलिस के विवेचना में यह भी सामने आया है कि उक्त गतिविधियों से संबंधित छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में फैला एक व्यापक नेटवर्क सक्रिय था। प्रारंभिक जांच में सैकड़ों व्यक्तियों की संलिप्तता के संकेत प्राप्त हुए हैं, जिनकी भूमिका की विधिवत जांच की जा रही है।

### आरोपी पर मामला दर्ज

उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में चौकी सुकुलदैहान, थाना लालबाग द्वारा आरोपी डेविड चाको के विरुद्ध छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3, 4 एवं 5 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। शिकायत में आश्रम चर्च संचालन, नाबालिक बच्चों को रखने तथा कथित धर्मांतरण गतिविधियों से संबंधित गंभीर आरोप लगाए गए थे।

### पूछताछ के लिए किया तलब

जब्त दस्तावेजों एवं साक्ष्यों के आधार पर विवेचना में कई अन्य व्यक्तियों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इन सभी व्यक्तियों को विधि अनुसार नोटिस जारी कर पूछताछ हेतु तलब किया गया है, ताकि उनके आपसी संबंध एवं संलिप्तता की विस्तृत जांच की जा सके।

### होगी विधि संवत कार्रवाई

पुलिस का कहना है कि राजनांदगांव पुलिस द्वारा इस पूरे प्रकरण की विवेचना निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विधिक प्रावधानों के अनुरूप की जा रही है। किसी भी व्यक्ति या संस्था को कानून से ऊपर नहीं माना जाएगा। जांच में जो भी तथ्य एवं साक्ष्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कठोर एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




## अवैध रूप से शराब बिक्री, दो आरोपियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव**। अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्र्ईवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 जनवरी को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा रजक को मोहारा बायपास रोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा। जिसके कब्जे से 25 पौवा देशी प्लेन कीमती 2,500 रुपए जब्त की गई। इसी प्रकार आरोपी पलाश जोशी को बजरंग नगर मोहारा में अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1,800 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त की गई।

आरोपीगणों के विरुद्ध थाना बसंतपुर में पृथक-पृथक अपराध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक अतहर अली, रूपेन्द्र वर्मा एवं राजेश बंदेश्वर की सराहनीय भूमिका रही।

## भूतपूर्व छात्र सम्मेलन के लिए आज बैठक

**राजनांदगांव**। राजा सर्वेश्वरदास उत्कृष्ट विद्यालय (म्युनिसपल स्कूल) में भूतपूर्व छात्रों का सम्मेलन किया जाना है, जिसे वृहद रूप देने कल 17 जनवरी को दोपहर 03 बजे स्कूल के कॉन्फ्रेंस हाल में बैठक आयोजित की गई है। कार्यक्रम की रूपरेखा व तिथि निर्धारित करने प्रतिष्ठित व स्थानीय वरिष्ठजनों, पूर्व शिक्षकों, पूर्व छात्रों के साथ परिचर्चा की जाएगी। आयोजन को ऐतिहासिक बनाने श्री राजा सर्वेश्वरदास स्कूल के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी (गोलू) तथा आयोजन से जुड़े हुए गणमान्य प्रतिनिधियों ने अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा की संख्या में भूतपूर्व छात्र शामिल हो।



# खुर्सीपार खुर्द में नहीं है प्राईमरी स्कूल भवन और न शौचालय

## चार साल से सामाजिक भवन के एक कमरे में लग रही कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत चौथना के आश्रित ग्राम खुर्सीपार खुर्द में सरकारी दावों की पोल खुलकर सामने आ गई है। घने जंगलों के बीच बसे इस गांव में संचालित प्राथमिक शाला का अपना न तो भवन है और न ही शौचालय। बीते चार वर्षों से बच्चे खुले में शौच करने को मजबूर हैं। लगभग 90 आबादी वाले इस गांव में एक आंगनबाड़ी केंद्र और एक प्राथमिक विद्यालय है।

जानकारी के अनुसार ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का पक्का भवन, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाएं हैं। इस आंगनबाड़ी केन्द्र में मात्र 6 बच्चे हैं। वहीं गांव की प्राथमिक विद्यालय के 10 बच्चे भवन, पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। विद्यालय परिसर में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। शौचालय के नहीं होने से बच्चों को जंगल या खुले मैदान में जाना पड़ता है।



### तोड़ दिया पुराना भवन

जानकारी के अनुसार चार वर्ष पहले विद्यालय भवन निर्माण के लिए 16 लाख की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृति मिलते ही जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर दिया गया, जिसके बाद न नया भवन बना और न स्थायी वैकल्पिक व्यवस्था की गई। मजबूरी में स्कूल की कक्षाएं सामाजिक भवन के एक ही कमरे में संचालित हो रही हैं। बीते चार वर्षों में न तो भवन बना, न शौचालय और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने सुध ली।



### एक कमरे में पांच कक्षाएं

शाला के एक कमरे में पांच कक्षाएं बीते चार वर्षों से संचालित हो रही हैं। शाला निरीक्षण के दौरान विद्यालय में केवल एक शिक्षक विश्वनाथ चंद्रवंशी उपस्थित मिले। बताया गया कि प्रधान पाठक अजय वर्मा प्रशिक्षण में गए हैं। शिक्षक ने बताया कि शाला की सभी समस्याओं की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। नया भवन अब तक नहीं बना है। प्राथमिक शाला खुर्सीपार खुर्द में 10 बच्चों के लिए 2 शिक्षक है जबकि नियमों के अनुसार 30 विद्यार्थियों के लिए एक शिक्षक का प्रावधान है।

## अब सिर्फ नौ दिन और होगी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी

# टोकन 50 क्विंटल का, किसान के घर में नहीं मिला एक क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

किसानों के धान की सरकारी खरीदी पर आगामी 30 जनवरी को विराम लग जाएगा। अगले नौ दिन में खरीदी केन्द्रों को टारगेट पूरा करना है। अब तक 70 फीसदी किसान धान बेच चुके है। शेष 30 प्रतिशत को शेष नौ दिन में धान बेचना होगा। वनांचल के कुछ केन्द्रों में धान की आवक अब कम होने लगी है जबकि कुछ केन्द्रों में धान की बंफर आवक जारी है। स्थानाभाव के कारण केन्द्रों में पैर रखने की भी जगह नहीं है जिसे देखते हुए धान के उठाव की मांग किया जा रहा है। जिस हिसाब से धान की आवक हो रही है उस अनुपात में उठाव धीमा है। धान खरीदी केन्द्र संड़ी में परिवहन को लेकर गंभीर समस्या है। यहां अब तक 852 किसानों से 59528 क्विंटल की धान खरीदी हो चुकी है जबकि उठाव 15310 क्विंटल का हुआ है। स्थानाभाव के कारण किसानों को अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इसी प्रकार विचारपुर, बुन्देली, कुकुरमुडा अतरिया में भी धान उठाव में कमी के कारण समस्या बनी है।



### धान का भौतिक सत्यापन

क्षेत्र के सभी उपार्जन केन्द्रों को टारगेट पुरा करने लगभग 25 फीसदी धान खरीदी करना शेष है। जो किसान अबतक धान नहीं बेच पाए है उन्हे टोकन जारी कर दिया गया है।जिन किसानों ने आनलाईन या आफलाइन टोकन ले रखा है उनके घर पहुंच अधिकारी भौतिक सत्यापन कर रहे है। अधिकारी यह देख रहे है कि टोकन में उल्लेखित मात्रा के हिसाब से धान उपलब्ध है या नहीं। कुकुरमुडा अतरिया केन्द्र अंतर्गत राजस्व विभाग ने कुछ किसानों के घर पहुंच कर भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान एक दो किसान ऐसे मिले जो बड़ी मात्रा में धान बेचने आनलाईन टोकन कटा लिया है पर उस मात्रा में धान उपलब्ध नहीं है। एक किसान ऐसा भी मिला जो लगभग पचास क्विंटल का टोकन अगले सप्ताह के लिए कटा लिया है पर उसके घर में धान बेचने एक भी क्विंटल उपलब्ध नहीं है। विभाग ने किसानों को हिदायत दिया है कि व्यापारी या बेचौलियों का धान बिक्री करते पकड़ा गया तो कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

# कांग्रेस संगठन के फैसले से कार्यकर्ताओं में गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष विजय राज सिंह से कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर मनोनयन पर अपना आक्रोश जताया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जिस दिन आई थी उस दिन श्री सिंह शहर में नहीं थे। उनके आने के बाद सैकड़ों कार्यकर्ता मिलने पहुंचे थे।

जानकारी के अनुसार सृजन अभियान के तहत कुछ माह पूर्व कांग्रेस की बैठक हुई थी। बैठक में अध्यक्ष के लिए चार लोगों ने दावा प्रस्तुत किया था, जिसमें विजय राज सिंह, हरीश भंडारी, प्रमोद ठाकुर, मतीन खान शामिल थे। बैठक में सर्वाधिक समर्थन विजय राज सिंह को प्राप्त होने के बाद हरीश भंडारी ने अपना नाम वापस ले लिया था। अब कांग्रेस ने हरीश भंडारी को ही ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत कर दिया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि विजय राज सिंह का कार्यकाल अभी पूर्ण नहीं हुआ है और न ऐसी कोई कमी है कि उन्हें पद से हटाया जाए।

### संगठन का निर्णय शिरोधार्य

विजय राज सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन के निर्णय को स्वीकार करने का आग्रह किया जिसके बाद कार्यकर्ता शांत हुए। वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष हरीश भंडारी भी उनसे मिलने नवीन विश्रामगृह पहुंचे जहां पर विजयराज सिंह और सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### मानस महोत्सव का आयोजन



**अर्जुनी।** ग्राम बीजाभांठा में गत दिनों मानस महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि एलआईसी के विकास अधिकारी सुनील जुगनार, मंडल उपाध्यक्ष महेश्वर साहू, आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ गोपी राम सिन्हा, रूपलाल साहू, हेमराय साहू, हरीश साहू, योगेश साहू, भागवत प्रसाद साहू थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पुलिस ने किया लोगों को जागरूक



**खुज्जी।** लोगों में कानूनी जागरूकता लाने और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए 15 जनवरी को डोंगरगांव पुलिस ने ग्राम में चलित थाना संवाद का आयोजन किया। कार्यक्रम में हत साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति, यातायात नियमों के पालन आदि की जानकारी दी गई। इस अभियान में सहायक उप निरीक्षक देव कुमार रावते, आरक्षक जीतेश साहू, महिला आरक्षक राजकुमारी रत्नाकर, जनपद सदस्य रवि साहू, सरपंच अजय पंसारी, राधेश्याम कमरिया, विमल जैन उपस्थित थे।

### श्रीमद भावगत कथा का भव्य शुभारंभ

**रामाटोला।** ग्राम में ग्रामीणों के



सहयोग से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का 16 जनवरी को उल्लासपूर्ण माहौल के बीच शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस भागवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने राजा परीक्षित के जन्म प्रसंग एवं श्रीमद् भागवत कथा के मंगल आरंभ का भावपूर्ण वर्णन किया। भागवताचार्य ने राजा परीक्षित के जन्म की दिव्य कथा का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार उत्तरा के गर्भ में स्थित शिशु परीक्षित की रक्षा हेतु भगवान श्रीकृष्ण स्वयं प्रकट हुए और उन्हें ब्रह्मास्त्र के प्रभाव से सुरक्षित किया। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित का संपूर्ण जीवन भगवान की कृपा, धर्मनिष्ठा एवं भक्ति का जीवंत उदाहरण है। पहले दिन रामाटोला सहित आसपास गांव के श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान पूरा पंडाल हरि बोल, जय श्रीकृष्ण एवं जय भागवत माता के जयघोष से गुंजायमान रहा। आयोजकों ने श्रद्धालुजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी बनवारी वर्मा ने दी।

### विवेकानंद पर व्याख्यान



**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 16 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्र सेविका समिति खंड कार्यवाहिका सीता गुप्ता, पायल दीदी, शांति निर्मलकर दीदी थी। सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ शारदा एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। मुख्य वक्ता सीता गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि' युवाओं के प्रेरणास्रोत विवेकानंद भारतीयता व भारतीय धर्मों के वाहक थे। उनके ज्ञान, प्रखर बुद्धि से हमारी संस्कृति ऊँचाई तक पहुँचने में सफल रही। इस अवसर पर विद्यालय की बहनों ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी से प्रेरणा प्राप्त किया।

# पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लालबहादुर नगर परिक्षेत्रीय साहू समाज के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गत दिनों संपन्न हुआ। परिक्षेत्रीय साहू समाज के अध्यक्ष उत्तम दास साहू, उपाध्यक्ष धनाराम साहू, कुलेश्वरी साहू, संगठन सचिव छबिलाल साहू, त्रिवेणी साहू, सचिव खिलावन साहू तथा कोषाध्यक्ष चेतन साहू ने पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू, जिला महामंत्री नीलमणी साहू, जिला कोषाध्यक्ष नोबल साहू, कार्यालय प्रभारी जगमोहन साहू एवं जिला मीडिया प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अंकालू साहू शामिल हुए। अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### सेवा करें पदाधिकारी

उक्त मौके पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने समाज को संगठित कर सेवा और विकास के पथ पर आगे बढने का संदेश दिया। जिला महामंत्री नीलमणी साहू ने भी संबोधित किया।उद्बोधन पश्चात आयोजकों ने अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय साहू समाज के पदाधिकारी, महिला इकाई सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाजिकजन उपस्थित थे।

# लोककला महोत्सव आज से, हिन्दू सम्मेलन 18 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंजोरा

ग्राम देवादा में जय माँ बाईनार जस झांकी एवं फाग परिवार के तत्वाधान तथा ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय लोककला महोत्सव एवं हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत कल 17 जनवरी एवं 18 जनवरी को विभिन्न मंडलियों की प्रस्तुति होगी। आगामी 18 जनवरी को हिंदू सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। सम्मेलन में सामाजिक समरसता प्रमुख विष्णु साव, राष्ट्रसेविका इंदुमती शामिल होकर अपने विचार रखेंगी। आयोजक समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र ठाकुर, उपाध्यक्ष अभिषेक, ठाकुर, सचिव टुमन देशमुख, संचालक संतोष साहू, धनसाय निर्मलकर आदि ने अंचल के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

## जयंती पर निकली शोभायात्रा...



**डोंगरगांव।** क्षेत्रीय एवं पचगहिया निषाद समाज के तत्वावधान में शुक्रवार को राम भक्त गुहा निषाद राज की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन के पहले सामाजिक महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ शहर में कलश यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए।

## नगर पंचायत का फैसला

# मालवाहकों को नो एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर के मुख्य मार्गो में प्रातः 9 से शाम 6 बजे तक भारी मालवाहक नजर नहीं आएंगे। नगरीय निकाय ने सुलभ व्यापार तथा निर्बाध आवागमन के लिए भारी वाहनो की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। गर्मी में मेन रोड का डामरीकरण होने के बाद यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।

नगर की ट्रेफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए निकाय ने काम करना षुरू कर दिया है। स्थानीय नागरिकों की मांग पर नगर पंचायत की सामान्य सभा में सर्वसम्मति से यह संकल्प पारित किया है कि अब नगर में प्रातः 9 से शाम 6 बजे तक भारी मालवाहक का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंध लागू होने के बाद जाम से नागरिकों, खरीददारी एवं व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी। नई व्यवस्था से दुर्घटनाओ में भी कमी आएगी। सामान्य सभा में यह निर्णय नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में लिया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद सुरेश नेताम, दिलीप कुंभकार, ईश्वरी ध्रुवे, विनोद डेहरिया, गोपीश्द देवांगन, उषा यादव, मुकेश सिन्हा, झरनेष कुंभकार, कविता यादव, किशुन पटेल, उमा निषाद, सीएमओ विजय पांडेय मौजूद थे।



### इन मार्गों में लगता है जाम

नगर के मुख्य मार्ग के कई स्थानो में सुबह से शाम तक तक जाम की स्थिति निर्मित होती है। नगर के मेन रोड में डॉ आम्बेडकर चौक से गुप्ता चौक एवं बजरंग चौक, गांधी चौक तथा शापिंग कांप्लेक्स से आम्बेडकर चौक तक अक्सर जाम की स्थिति रहती है। इस रूट में जब भी भारी वाहन फंसते हैं तो लोगों को रूट बदलकर आवागमन करना पडता है। वाहना की एंट्री रोकने के लिए निकाय को शापिंग कांप्लेक्स, लाल भीष्मदेव शाह चौक, बाजार चौक, लिंक कोर्ट, वार्ड 11 एवं 12 के मध्य स्थित सार्वजनिक शौचालय, राजा फार्म हाउस के समीप बेरियर लगाना पडेगा।

### प्रतिबंध से मिलेगा रोजगार

नगर के मेन रोड में भारी वाहनो के निषेध से बेरोजगार युवाओ को रोजगार प्राप्त होगा। निषेध की अवधि में स्थानीय निवासियों को ई रिक्शा, ई आटो एवं छोटे मालवाहक ठेला चलाने वालों को सामानो की लोडिंग, अनलोडिंग व परिवहन से जुडे कार्य से रोजगार प्राप्त होगा।

# बच्चों को बनाएं शिक्षित और संस्कारवानः अंजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

■ शिशुमंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर सप्त शक्ति संगम समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अतिथि किरण विनोद बारले, नूतन साहू थे। अध्यक्षता बुंदा वर्मा ने की। वक्ता भगवताचार्य अंजू शर्मा, हुलसी साहू थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओंम, भारत माता की पूजा अर्चना का किया गया। मुख्य वक्ता श्रीमती शर्मा ने अपने पढ़ाई जीवन का सांझा करते हुए कहा कि बच्चों में संस्कार का होना बहुत जरूरी है और यह संस्कार मातृ शक्ति ही दे सकती है। संस्कारवान व्यक्ति का जीवन हमेशा उज्जवल होता है। उन्होंने मातृ शक्ति को बच्चों के भविष्य पर विशेष ध्यान देने की बातें कही। वही हुलसी साहू ने बहनों को भारतीय वेश भूषा अपनाने, जन्म दिन पर केक न काटने एवं विदेशी खान पान से दूर रहने का आव्हान किया। ग्राम भारती अध्यक्ष बुंदा वर्मा ने सप्त शक्ति संगम के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान शिशु मंदिर की बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। एकल अभिनय में डिलेवरी साहू, रुक्मणी साहू, प्रियांशी वर्मा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में लक्ष्मी गुप्ता, धनेश्वरी वर्मा, प्रीति वर्मा, खुशबू कुर्रे, निशा चंदेल, अनिता पाल, नेमा वर्मा, दीप्ति साहू, त्रिवेणी साहू, नेमा वर्मा, पूनम चंद साहू एवं अन्य उपस्थित थे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### कबीर सत्संग समारोह 30 से



**पटेवा।** इरईकला के कबीर आश्रम में आगामी 30 जनवरी से 1 फरवरी तक कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मनीषी संत अभय साहेब, संत अचल साहेब संत मंडली के साथ शामिल होकर भजन प्रवचन के माध्यम से विचार रखेंगे। भजन प्रवचन सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे तक और दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक चलेगा।

### मूक माटी एक्सप्रेस का होगा स्वागत

**डोंगरगढ़।** जबलपुर से रायपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज की महाकृति मूकमाटी के नाम से चलाने की स्वीकृति रेल्वे ने दी। नए नाम से यह ट्रेन कल 17 जनवरी से पटरी पर दौड़ने लगेगी। मूकमाटी एक्सप्रेस का स्टॉपेज डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में भी है। नए नाम के साथ ट्रेन के पहुंचने पर भव्य स्वागत करने की तैयारी है। चन्द्रगिरि ट्रस्ट के अध्यक्ष सिंघई किशोर जैन ने सभी से स्वागत के लिए स्टेशन पहुंचने का आव्हान किया है।

### बालिका नेशनल कबड्डी में खिलाड़ियों का चयन

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिला के बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का चयन 72वीं राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ है। उक्त स्पर्धा हैदराबाद में 21 से 25 जनवरी तक आयोजित होगा। सीनियर महिला में सुमन उर्वशा, संतोषी चंद्रवंशी, छाया चंद्रवंशी राजनांदगांव से व भुनेश्वरी चंद्रवंशी डोंगरगढ़ से इसी प्रकार 69वीं शालेय क्रीड़ा कबड्डी प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश में 17 से 22 तक आयोजित होगा, के लिए भामनी, मीनाक्षी राजनांदगांव व सावित्री डोंगरगढ़ चयनित हुए। इन सभी खिलाड़ियों के चयन होने पर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष ऋषिदेव चौधरी, संरक्षक अशोक चौधरी, सचिव और उनके कोच ललित साहू, उपाध्यक्ष तुलाराम पंद्रे, कार्यकारी अध्यक्ष रामाधार ओझा, कोषाध्यक्ष चौथराम साहू, नगर कबड्डी संघ के अध्यक्ष महेश साहू, तीरथ गोस्वामी, रोहित पड़ौती, लखन कोमरे, तुलसी मंडावी, संजय शाह मंडवी, विष्णु साहू, मेहतराम साहू, हरीश साहू, मनोज साहू आदि पदाधिकारियों ने बधाईयां दी।

### बौद्ध सम्मेलन छह को, बैठक में तैयारियों पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** आगामी 6 फरवरी का आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का लेकर प्रज्ञागिरी पञ्ञा मेत्ता संघ की बैठक आयोजित की गई।



बौद्ध सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए भदन्त संघरत्न मानके, भदन्त धम्मशिखर, भदन्त धम्मतपजी की उपस्थिति में डॉ. मनोज गजभिये के निवास में बैठक की शुरूवात त्रिशरण, पंचशील प्रदान की गई। मीटिंग में आगामी 5 फरवरी को शाम 5 बजे नागसेन बुद्ध विहार से कैंडल रैली निकालने का निर्णय लिया गया। प्रज्ञागिरि परिसर पर बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष 30 भिक्खु संघ द्वारा महापरित्राण पाठ किया जाएगा। इसी क्रम में 6 फरवरी को नागसेन बुद्ध विहार से सुबह 9 बजे त्रिशरण पंचशील प्रदान कर धम्म रैली निकाली जाएगी जो कालकापारा बुद्ध विहार, प्रज्ञा चौक, बुद्ध विहार, राजीव नगर बुद्ध विहार में वंदना के बाद प्रज्ञागिरी पहुंची। यहां 30 फिट ऊँची तथागत बुद्ध की मूर्ति के समक्ष मोमबत्ती, अगरबत्ती, पुष्पाहार अर्पण किया जाएगा। इस मौके पर जापान, अमेरिका, श्रीलंका, म्यांमार, तिब्बत, भारत एवं विभिन्न देशो से आये भिक्खु गणों का उदबोधन होगा। बैठक में एचके आजाद, अमित टेम्भुरकर, पूनम, बेणु गोपाल खोब्रारागड़े, पल्लवी मेश्राम, ज्योति मेश्राम, संजू, रीना गजभिये, कल्पना डोंगरे, बबिता, निर्मला अम्बादे, अनमोल बौद्ध, रामकुमार वर्मा, मनोहर कांबडे, जीतेन्द्र कठाने, सविता अम्बादे, लक्ष्मी बोरकर,अनिता उके, मनोरमा मेश्राम, पंकज नारगोरे आदि उपस्थित थे।

### डिलापहरी में 18 तक श्रीमद् भागवत महापुराण

**राजनांदगांव।** ग्राम डिलापहरी (गोड़पारा) में श्रीमद् भागवत महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पुण्य आयोजन 10 से 18 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 12 से सायं 5 बजे तक आयोजित हो रहा है। कल 17 जनवरी कलियुग वर्णन, राजा परीक्षित मोक्ष, नगर भ्रमण, 18 जनवरी को गीता सार, तुलसी वर्षा, हवन-पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण होगा। आयोजन के यज्ञकर्ता मदन लाल वर्मा एवं धर्मीनबाई वर्मा ग्राम डिलापहरी हैं।

### राज्य स्तरीय कराते चैम्पियनशिप आज से

**राजनांदगांव।** शहर में कल 17 जनवरी से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्थानीय कमला कॉलेज हॉल में आयोजित है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 350 से अधिक खिलाड़ी कराते के खेल में काता एवं कुमिते(फाईट) विधा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पहुंचेंगे। नीलू शर्मा अध्यक्ष छग टूरिज्म बोर्ड एवं अध्यक्ष राजनांदगांव जिला कराते संघ सहित जिला कराते संघ के सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज ने बताया कि शिको काई शीतोरियू कराते डू एसोशिएशन, राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल एवं राजनांदगांव जिला कराते संघ के संयुक्त तत्वावधान में यह टूर्नामेन्ट आयोजित किया जा रहा है। यह चैम्पियनशिप जूनियर, सब-जूनियर, कैडेट एवं सीनियर कैटेगरी में आयोजित की जाएगी।

### माता मंड़ई 19 को

**राजनांदगांव।** ग्राम संबलपुर में 19 जनवरी को माता मंडई का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सिंघोला से 2 किमी पर स्थित ग्राम सम्बलपुर में इस वर्ष भी ग्रामवासियों द्वारा यह माता मंडई का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर सरपंच उमाकांत चंद्राकर और ग्रामीण अध्यक्ष खूबलाल साहू ने बताया कि इस अवसर पर श्रद्धालु माता के झूला का आनंद उठाएं और दर्शन करें। उन्होंने बताया कि यहां रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोककला नाच पार्टी पचपेडी मोखा धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### वीएसके एप के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन आज

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा वीएसके एप के चलते निजता भंग होने का अंदेशा और मोदी की गारंटी को पूरा करने की मांग को लेकर शनिवार 17 जनवरी की आंदोलन करने जा रहा है। इससे पूर्व फेडरेशन जिलाध्यक्ष रामलाल साहू की अगुवाई और खैरागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सोनी, छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम देशमुख की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संकुल वार जवाबदारी प्रदान दी गई।

बैठक में आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा के दौरान जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश के शिक्षक लंबे समय से सरकार को टकटकी लगा कर देख रहे हैं कि मोदी जी गारंटी के तहत सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति दूर होगी लेकिन दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने सकारात्मक पहल नही कर रही है। इसके लिए सरकार को चुनाव दौरान किया वादा याद दिलाने शिक्षक शनिवार 17 जनवरी को जिला स्तरीय धरना रैली करेंगे। वही वर्तमान समय में ई अटेंडेंस के नाम वीएसके एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश शिक्षा विभाग ने जारी किया है।

### इमारती लकड़ी का अवैध परिवहन, कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए सघन जांच अभियान के तहत राजस्व विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। तहसीलदार लालबहादुर नगर अमीय श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम खुबाटोला में इमारती लकड़ी का अवैध रूप से बिना दस्तावेज के परिवहन किया जा रहा था, जिसे जब्त कर कार्रवाई के लिए वन विभाग को सुपुर्द किया गया।

---

### एक पीटीआई व दो लेक्चर को जारी हुआ शोकॉज नोटिस

# एकलव्य स्कूल मारपीट मामले में हटाए गए प्राचार्य और हॉस्टल वार्डन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

केंद्रीय आवासीय विद्यालय एकलव्य में अध्यनरत नाबालिक छात्रों के साथ हैवानियत के मामले में प्राचार्य व हॉस्टल वार्डन को प्रारंभिक तौर पर प्रशासनिक कार्रवाई करते हटा दिया गया है। वहीं छात्रों को बर्बरतापूर्वक मारने वाले मुख्य आरोपी एक पीटीआई व दो लेक्चर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इधर नाबालिक बच्चियों के जहर पीने के मामले को प्रशासनिक अधिकारी पारिवारिक कलह बताकर इस संवेदनशील मामले को स्थानीय स्तर पर दफन करने के प्रयास में हैं। इस सब घटनाक्रम के बीच आज बाल संरक्षण आयोग की टीम भी मामले का संज्ञान में लेते एकलव्य आवासीय परिसर में दाखिल हुई।

उल्लेखनीय है कि आवासीय विद्यालय एकलव्य में आदिवासी छात्रों के साथ बर्बरता किए जाने और नाबालिक बच्चियों द्वारा आत्महत्या करने का प्रयास के मामले को एकलव्य परिसर के भीतर आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुर्रे और उनकी टीम द्वारा दबाया जा रहा था। इस संवेदनशील घटना को हरिभूमि में प्रमुखता से उठाए जाने के बाद कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देश में 12 जनवरी रात 9 बजे के लगभग अपर कलेक्टर जीआर मरकाम की अध्यक्षता में डिप्टी कलेक्टर शुभांगी गुप्ता, एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, अंबागढ़ चौकी तहसीलदारअनुरिमा टोप्पो, आरआई तामेश्वरी इस्दा की टीम आवासीय केंद्रीय विद्यालय एकलव्य में दाखिल होकर पड़ताल प्रारंभ किया। छात्रों ने सामूहिक रूप से उनके ऊपर हो रहे लगातार अवमानीय बर्ताव मारपीट के संबंध में एक-एक करके बयान दर्ज कराया। इस मामले में अभी जांच जारी है। प्रारंभिक तौर पर संबंधित हॉस्टल वार्डन तथा प्राचार्य को एकलव्य के चार्ज से पृथक कर दिया गया है। वहीं छात्रों के साथ मारपीट करने के आरोपों में घिरे एक पीटीआई व दो लेक्चर को कारण बताओ नोट जारी किया गया।




#### पारिवारिक कलह बता रहे हैं अफसर

जांच अधिकारी अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने 6 दिनों के भीतर एक के बाद एक जान देने के लिए आतुर हुई नाबालिक आदिवासी छात्राओं के मामले को पारिवारिक कलह बता रहे हैं। जबकि आत्महत्या के प्रयास करने वाले छात्राओं को उनके घर भेज दिया गया है।

#### टीचरों को दिया गया नोटिस

जांच अधिकारी तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो ने हरिभूमि को बताया कि केंद्रीय विद्यालय एकलव्य में पदस्थ बाहर प्रदेश के शिक्षक पीटीआई आकाश शर्मा, फिजिक्स के लेक्चर अनिल, हिन्दी लेक्चर पर्वत को मारपीट मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।


#### बाल संरक्षण आयोग पहुंचा

आयोग अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि उनकी टीम अंबागढ़ चौकी पहुंची थी। प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। कई बिंदुओं पर कलेक्टर से तीन दिनों के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को निर्देश किया गया है।

#### क्यों मरना चाहती थी बच्चिया मामले में अब भी पर्दा

नाबालिक छात्रों से बर्बरता के मामले में एक्शन लिया जा रहा है, परंतु मासूम बच्चियां क्यों एक के बाद एक जान देना चाह रही थी, इसके निष्पक्ष जांच के नाम पर बेहद संशय की स्थिति बनी हुई है। जहर खुरानी के मामले में पुलिस कोई भी कदम बढ़ाना नहीं चाह रही है। विभागीय तौर पर उक्त मामले को ढंकने का प्रयास हो रहा है। डर है कि कहीं बच्चियों से जुड़े विभक्त घटना की परत ना खुल जाए।

### सड़क मरम्मत में घटिया मटेरियल का उपयोग



**डोंगरगढ़।** शहर की जर्जर हो चुकी सड़कों की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है जिसमें भी बड़ा खेल किया जा रहा है। मार्ग मरम्मत में घटिया रॉ मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। इस मरम्मत के साथ सड़क निर्माण में बरती गई अनियमितता की पोल खुलकर सामने आने लगी है। सवाल यह है कि पिछले 10 साल की अवधि में बनाई गई सडक के कई बार मरम्मत कराने की जरूरत क्यों पड़ रही है। शासकीय अस्पताल अछोली से खैरागढ़ जानेवाले मार्ग में पिछले 2 से 3 साल में मरम्मत कराने के बाद पुनः कई स्थानो में मरम्मत कराने की नौबत आ गई है। इसी प्रकार थाना चौक से चिचोला हाईवे तक सडक पर कार्य जारी है।

### पालिका का साहू समाज ने जताया आभार

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका द्वारा यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने किए जा रहे कार्यों की सभी ओर सराहना हो रही है। इस पहल के लिए नगर साहू संघ ने पालिका अध्यक्ष एवं परिषद का आभार व्यक्त किया है। साहू संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पालिका के प्रयासों से शहर में पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त हो रही है जिससे आम नागरिकों की असुविधा में कमी आई है। इस पहल से व्यापारियों सहित आम लोगों को राहत मिली है।

## महुआ शराब के साथ आरोपी पकड़े गए

**छुईखदान।** अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस का धरपकड़ अभियान जारी है। जिसके तहत दो अलग-अलग मामलों में कच्ची महुआ शराब के साथ चार आरोपी पकड़े गए।



पुलिस सूत्रों के अनुसार अपराधों पर अंकुश लगाने छुईखदान पुलिस द्वारा जारी मुहिम के दौरान मुखबीर की सूचना पर घटनास्थल भेलवाघाट विक्रमपुर मार्ग ग्राम बुढानभाठ में रेड कार्रवाई कर आरोपी हिरेन्द्र यादव 22 साल, खिलेश यादव 23 साल ग्राम विक्रमपुर के कब्जे से 50 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमती 10000 रुपए एवं मोटर साइकिल जब्त किया गया। आरोपी हिरेन्द्र यादव एवं खिलेश यादव के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

#### हाथ भट्ठी शराब बरामद

इसी तरह पुलिस ने पुनः घटनास्थल भेलवाघाट विक्रमपुर मार्ग ग्राम बुढानभाठ में रेड कार्रवाई किया, जहां आरोपी महेश धुर्वे 23 साल साकिन विक्रमपुर, उदय धुर्वे 19 साल ग्राम कुर्रूभाठ के कब्जे से 60 बल्क लीटर हाथ भट्ठी का कच्ची महुआ शराब कीमती 12000 रुपए एवं मोटर साइकिल जब्त किया गया। आरोपी महेश धुर्वे एवं उदय धुर्वे के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया।

#### जुआ-सट्टा पर भी कार्रवाई

जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा 15 दिनों में थाना छुईखदान क्षेत्र में आबकारी एक्ट के 7 प्रकरण में 9 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कर कुल 123.580 बल्क लीटर कीमती 26580 रुपए एवं 2 नग मोटर साइकिल कीमती 75000 रुपए जब्त किया गया। जुआ एक्ट के 3 प्रकरण में 14 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कर कुल 15850 रुपए जब्त किया गया। सट्टा एक्ट के 2 प्रकरण में 2 आरोपियों के विरूद्ध कुल 3010 रुपए जब्त कर वैधानिक कार्रवाई किया गया।

## सिन्हा कलार समाज का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज श्रीराम मंदिर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सिन्हा कलार समाज द्वारा सामाजिक रूप से जिला गठन के बाद प्रथम बार पारिवारिक मिलन, युवक युवती परिचय सम्मेलन और भूमि पूजन समारोह का आयोजन शनिवार 17 जनवरी को टिकरापारा में किया जाएगा। जिलाध्यक्ष दीनदयाल सिन्हा ने बताया कि आयोजन की तैयारी जोर शोर से चल रही है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे। अध्यक्षता सांसद संतोष पांडेय करेंगे। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक यशोदा वर्मा, समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महासमुदं विधायक राजू सिन्हा और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक रायपुर अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, जिपं अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, दीपक सिन्हा, रिखीराम, बिसंबर , डागेश्वर, तेखन, लिलेश सिन्हा, बीआर सिन्हा, किरण सिन्हा, प्रमिला सिन्हा, त्रिवेणी सिन्हा, मंजू सिन्हा, शिवशंकर डड़सेना, तुलाराम सिन्हा, पिंकी बघेल, दुर्गेश साहू रहेंगे। समाज द्वारा शीतला मंदिर प्रांगण से श्री राम मंदिर तक कलश यात्रा निकाली जाएगी, देवपूजन बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान और सामाजिक भवन का भूमिपूजन किया जाएगा। इस दौरान समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

## सूने मकान में चोरी का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** सूने घर में प्रवेश कर नगदी रकम चोरी करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को पकड़ा। जिससे चोरी की रकम बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 13 जनवरी को वह अपनी पत्नी एवं बच्चों को स्कूल छोड़कर अपने काम पर चला गया था। रात्रि लगभग 8 बजे जब वह घर वापस आया तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। अंदर जाकर आलमारी की जांच करने पर पाया कि आलमारी में रखी नगद रकम 35,000 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।

#### नगदी रकम बरामद

गठित टीम द्वारा संदेही गोपी यादव उर्फ महावीर यादव 35 वर्ष सिंगदई को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपी के कब्जे से चोरी गई नगदी रकम में से 12,300 रुपए जब्त कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात आरोपी को जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक नरेश सार्वा, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, आशीष मानिकपुरी एवं कुश बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

## सीनियर व अंडर-23 क्रिकेट ट्रायल 18 को

**राजनांदगांव।** जिले के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए 18 जनवरी का दिन निर्णायक साबित हो सकता है। दिग्विजय स्टेडियम में होने जा रही सीनियर एवं अंडर-23 क्रिकेट चयन प्रक्रिया न केवल जिला टीम, बल्कि आगे चलकर राज्य की रणजी टीम तक पहुंचने का प्रवेश द्वार मानी जा रही है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस चयन प्रक्रिया में जिले के उन खिलाड़ियों को मंच मिलेगा, जो वर्षों से अभ्यास कर रहे हैं, लेकिन अब तक बड़े स्तर पर खुद को साबित नहीं कर पाए हैं। अंडर-23 वर्ग में 1 सितंबर 2003 के बाद जन्मे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। जबकि सीनियर वर्ग के खिलाड़ी बिना आयु सीमा के मैदान में उतरेंगे।

एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही ट्रायल में शामिल हो सकेंगे, जिन खिलाड़ियों का पंजीयन शेष है, उन्हें अंतिम अवसर देते शाम 4 से 6 बजे तक स्टेडियम में आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन की सुविधा दी जा रही है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी के अनुसार चयनित खिलाड़ियों को सीधे टीम में नहीं लिया जाएगा, बल्कि पहले उन्हें सघन प्रशिक्षण शिविर में रखा जाएगा। यहां खिलाड़ियों के तकनीकी कौशल, फिटनेस और मानसिक मजबूती का परीक्षण किया जाएगा।

## कांग्रेसियों ने नवीन विश्रामगृह का नारियल फोड़कर किया उद्घाटन

### प्रशासन को दिया था सात दिवस का अल्टीमेटम

**राजनांदगांव।** छुरिया नवीन विश्राम गृह का पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू के नेतृत्व में नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सरकार के समय मुख्यमत्री भूपेश बघेल ने नवीन विश्रामगृह के लिए लगभग 60 लाख की स्वीकृति दी थी। यह लगभग एक वर्ष से बनकर है, किन्तु वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा नवीन विश्रामगृह भवन का आज तक लोकार्पण नहीं किया गया है। जिसके कारण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को छुरिया प्रवास के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस परेशानियों को देखते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव के नाम सात दिन के भीतर नवीन विश्रामगृह खोले जाने का तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था।

#### पदयात्रा की तैयारी पर थी बैठक

इसी के चलते आज शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का राजनांदगांव जिले के ग्राम भरेंगांव से सुरगी पदयात्रा की तैयारी को लेकर जर्जर विश्रामगृह में बैठक आयोजित किया गया था, जहां दोनों कमरों को अलग-अलग विभागों के लिए आरक्षित रखा गया था।




#### नेताओं को नहीं मिला कमरा

जनप्रतिनिधियों को कमरा नहीं मिलने से नाराज कांग्रेसियों ने पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू के नेतृत्व में नवीन विश्रामगृह भवन का नारियल फोड़कर उद्घाटन कर दिया और क्षेत्र की जनता के लिए खोल दिया गया है । इस दौरान जिला कांग्रेस के महामंत्री चुम्मन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, जनपद सदस्य सीमा यादव, चंद्रिका वर्मा, पुष्पा सिन्हा, भावना राधे ठाकुर, एकनाथ सिन्हा, कन्हैया कोले, मनोज सिन्हा, रेवाराम, धनेन्द्र कोठारी, भावेश सिन्हा, अमित अग्रवाल, भावना राधे ठाकुर, गुरूचरण साहू, राजिल कुरैशी सहित कांग्रेसी बड़ी संख्या में मौजूद थे ।

### गणतंत्र दिवस के दिन विस अध्यक्ष के हाथों मिलेगी पत्रकार बिरादरी को सौगात

# देशभक्ति की गूंज के बीच 26 को होगा पत्रकार कालोनी का उदघाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव मार्ग पर पत्रकारों की बहुप्रतीक्षित आवासीय कालोनी तैयार हो गई है। गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति गीतों की गूंज के बीच विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय और महापौर मधुसूदन यादव आदि के हाथों इसका लोकार्पण होने जा रहा है। पूरा परिसर तिरंगा से सराबोर रहेगा।

कालोनी में पेयजल व्यवस्था के लिए संपवेल और ओवरहेड टंकी के लिए भी उसी दिन भूमिपूजन किया जाएगा। शुक्रवार को महापौर यादव ने कलेक्टर जितेंद्र यादव व नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के साथ कालोनी का अवलोकन किया। इस दौरान उदघाटन-भूमिपूजन समारोह की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

10 एकड़ क्षेत्रफल में फैली इस कालोनी में सीमेंट की सड़क, कांक्रीट की नाली, बिजली, क्रीडा स्थल, बाउंड्रीवाल व उद्यान समेत सभी आवश्यक सुविधाएं जुटा ली गई है। पेयजल के लिए डीएमएफ से राशि स्वीकृति के साथ ही निविदा की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।

26 जनवरी को कालोनी के उदघाटन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को दोपहर महापौर व कलेक्टर ने पूरे परिसर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभा स्थल, मंच, बैठक व्यवस्था, साज-सज्जा, पार्किंग आदि को लेकर रूपरेखा भी तैयार कर ली गई। निरीक्षण के दौरान संरक्षक जितेंद्र मिश्रा, अशोक पांडे, प्रेस क्लब गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन, संचालक मंडल से किशोर सिल्लेदार, जितेंद्र सिंह, मोहन कुलदीप, जयदीप शर्मा, कमलेश सिमनकर, क्लब के सचिव अनिल त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा, दीपांकर खोबरागढ़े, संजय सिंह राजपूत, युवराज पांडे, ललित ठाकुर आदि उपस्थित थे।



#### व्यवस्थित और मॉडल कालोनी

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष सहयोग से पत्रकारों की यह कालोनी हर तरह से व्यवस्थित और मॉडल कालोनी के रूप में विकसित हुई है। यहां के लिए आगे जो भी आवश्यकता रहेगी, उसे भी हम सब मिलकर पूरी करेंगे, जो काम बचा होगा, उसे आने वाले समय में पूरा करेंगे। पत्रकार साथियों को अग्रिम शुभकामनाएं।

#### आवास ऋण भी मिलेगा

निरीक्षण के बाद मीडिया से चर्चा में कलेक्टर जितेंद्र यादव ने कहा कि संस्कारधानी का प्रेस क्लब पूरे छत्तीसगढ़ के लिए आदर्श बन गया है। उदघाटन और भूमिपूजन समारोह ऐतिहासिक और यादगार रहेगा। पूरे कालोनी परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। आवास ऋण की उपलब्धता को लेकर शासन स्तर पर प्रयास जारी है।

#### सपना साकार होने जा रहा

प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि ने कहा कि प्रेस क्लब और प्रेस क्लब गृह निर्माण समिति के समवेत प्रयास से सर्वसुविधायुक्त कालोनी तैयार हो गई है। कालोनी में पेयजल के लिए डीएमएफ से राशि स्वीकृत हो गई है।

#### पत्रकारों को सबसे बड़ी सौगात

प्रेस क्लब गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ने कहा कि पत्रकारों की आवासीय जमीन वाली वर्षों पुरानी मांग अब जाकर पूरी हो सकी। आवासीय ऋण को लेकर आ रही तकनीकी दिक्कत को दूर करने शासन-प्रशासन लगा है।


।।जय जोहार।।
।।माता बहादुर कलारीन की जय।।
।।जय कलार।।
सिन्हा कलार समाज
के पारिवारिक मिलन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन
एवं भूमि पूजन समारोह में पधारे
समस्त अतिथियों का
स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
दिनांक- 17.01.2026 दिन-शनिवार
स्थान-श्रीराम मंदिर (बर्फानी धाम) पुराना
टिकरापारा खैरागढ़
संरक्षक के.सी.जी.
जिला कोषाध्यक्ष के.सी.जी.
बिसाहू सिन्हा
आनंद सिन्हा
जिकेश सिन्हा
गुमान सिन्हा
तुलेश्वर जायसवाल
नरोत्तम सिन्हा
उदय सिन्हा
घनश्याम सिन्हा
कुंभलाल सिन्हा
दीनदयाल सिन्हा
जिलाध्यक्ष के.सी.जी.


Visit to avail
EXCITING
Offers
An
EXHIBITION &
SALE
of
ALL NEW
MAGNIFICENT
JEWELS
16th-17th-18th
JANUARY 2026
10:00 am onwards
at
बसंतपुर रोड, राजनांदगांव
नए साल का करें
शुभारंभ
नए गहनों के साथ
SUMEET
JEWELLERS
हम गढ़ते हैं विश्वास
RAIPUR | DURG | RAJIM | RAJNANDGAON | KORBA

**खबर संक्षेप**

### पीएम श्री सेजेस पिपरिया में उमंग-उत्साह के साथ मनाया स्वामी विवेकानंद जयंती

**हरिभूमि पिपरिया।** पीएम श्री सेजेस पिपरिया द्वारा गत दिनों 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के उत्सव को युवा दिवस के रूप मे मनाया गया, जिसमे शाला के सभी शिक्षक एवं प्राचार्य द्वारा उनके जीवन परिचय मे संछिप्त प्रकाश डाला गया और बच्चो को उन्हें आदर्श मानते हुए उनके उपदेशो को अपने जीवन मे साकार करते हुए जीवन मे सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम मे विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम 25 जनवरी को आयोजित होगी

**हरिभूमि कवर्धा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानी दुर्गावती चौंक कवर्धा के सभाकक्ष में 25 जनवरी 2026 को 11 बजे से राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें युवा मतदाताओं को बैच से सम्मानित करने तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# जिला कांग्रेस व समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा अध्यक्ष नवीन जायसवाल एवं कवर्धा जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन को नई मजबूती, नई दिशा और आने वाले चुनावों के लिए सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। पूर्व केबिनेट मंत्री मो. अकबर को याद करके भावुक हुए नवीन जायसवाल ने कहा कि आज राजनीति में जो कुछ भी हूँ मो.अकबर भाई का आर्शीवाद है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसका संगठन और कार्यकर्ता हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब वरिष्ठ पदाधिकारियों और वरिष्ठ कांग्रेस जनों का सम्मान पूरी निष्ठा के साथ किया जाएगा और हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता को साथ लेकर चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल सत्ता की राजनीति नहीं करती, बल्कि जनता के अधिकार, न्याय और विकास की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है।

उन्होने कहा कि आगामी समय में संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक और अधिक मजबूत किया जाएगा। हर कार्यकर्ता को उसकी क्षमता, मेहनत और निष्ठा के अनुसार संगठन में स्पष्ट दायित्व दिया जाएगा, ताकि वह पूरे मेहनत के साथ पार्टी के लिए कार्य कर सके। जिला अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि संगठन की एकता और कार्यकर्ताओं की मेहनत से आगामी विधानसभा लोकसभा नगरी निकाय चुनावों में एंव जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में पुनः कांग्रेस की सरकार बनेगी और केंद्र में भी कांग्रेस पार्टी जनता का विश्वास जीतकर सरकार बनाएगी। श्री जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हर मुद्दे की आवाज है। किसान, मजदूर, युवा, महिला और आम नागरिक की समस्याओं को मजबूती से उठाते हुए कांग्रेस सशक्त विपक्ष की भूमिका निभा रही है और आगे भी जनहित की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का शपथ ग्रहण इस अवसर पर जिले के विभिन्न ब्लॉकों के नव-नियुक्त कांग्रेस अध्यक्षों ने भी अपने पद की शपथ ली। जिसमें शहर कांग्रेंस कमेटी कवर्धा अध्यक्ष अशोक सिहं ठाकुर, कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बोड़ला छवि वर्मा, सहसपुर लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष सौखी साहू, रामपुर-ठाठापुर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन वर्मा, कुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू एवं रेगाखार जंगल ब्लॉक अध्यक्ष प्रभाती मरकाम ने शपथ ग्रहण ली, जहां सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे, वरिष्ठ कांग्रेसियों के अनुभव का सम्मान करेंगे और वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे हर कार्यकर्ता को संगठन से जोड़कर जिम्मेदारी देंगे। उन्होंने एकजुट होकर आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने का भरोसा दिलाया। इस कार्यक्रम में प्रमुख कन्हैया अग्रवाल, ममता चंद्राकर, लालजी चंद्रवंशी, अर्जुन तिवारी, होरीराम साहू, अशोक सिंह, राधेलाल भास्कर, ईश्वर शरण वैष्णव, पारस बंगाली, वीरेन जांगड़े, जगमोहन साहू, गोपाल चंद्रवंशी, श्रीमती सीमा अगम, श्रीमती नारायणी तोंडे, मणिकांत त्रिपाठी, छवि वर्मा, घनश्याम साहू, चेतन वर्मा, सोखी साहू, प्रभाती मरकाम, मनीष शर्मा, गुरुदत्त शर्मा, रवि चंद्रवंशी, चंद्रभान कोसले, हितेश चंद्रवंशी, प्रदुम सेन, नारायण धुर्वे, राजेंद्र मारकंडे, लाल बहादुर चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी सहित जिले भर से बड़ी संख्या में जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी गणमान्य नागरिक एवं जेष्ट-श्रेष्ट कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।




### कांग्रेस संगठन की ताकत उनकी एकता व अनुशासन है

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस संगठन की ताकत उसकी एकता और अनुशासन में है। उन्होंने कहा कि जब संगठन और कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करते हैं, तब कांग्रेस को कोई भी ताकत रोक नहीं सकती।

### कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता व हक और अधिकार की लड़ाई लड़ती आई है

पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ती आई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, युवाओं और किसानों की भागीदारी से संगठन और अधिक मजबूत होगा और आगामी चुनावों में कांग्रेस को बड़ी सफलता मिलेगी।

### कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्षशील व भाजपा की जनविरोधी

पूर्व प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्षशील हैं और भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है और संगठन पूरी तरह चुनाव के लिए तैयार है।

### शपथ ग्रहण समारोह कांग्रेस संगठन को मजबूती देने की नई शुरूआत

वरिष्ठ नेता लालजी चंद्रवंशी ने कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कांग्रेस संगठन को मजबूती देने की नई शुरुआत है। उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, वरिष्ठ कांग्रेसियों के सम्मान, हर कार्यकर्ता को संगठन में दायित्व देने और आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## विजय शर्मा के प्रयासों से विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों की सौगात

# कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 5.15 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को 5 करोड़ 15 लाख 80 हजार की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यो में सीसी सड़क निर्माण, नाली निर्माण तथा पुलिया निर्माण शामिल हैं। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी। इन विकास कार्यो की स्वीकृति उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सतत प्रयासों से प्राप्त हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना मजबूत करने के उद्देश्य से स्वीकृत ये कार्य आने वाले समय में लोगों की दैनिक आवाजाही को सुगम बनाएंगे। आज क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त सभी निर्माण स्थलों पर विधिवत भूमिपूजन किया गया। जिस पर जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सतत प्रयासों से जिले का एक बड़ा सपना अब साकार होने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि कवर्धा जिले की वर्षो से लंबित और बहुप्रतीक्षित मांग मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य अब शुरू हो गया है। मेडिकल कॉलेज निर्माण से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा, विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर खुलेंगे। उन्होने कहा कि हजार वर्षो से आस्था के एक प्रमुख केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध बाबा भोरमदेव मंदिर के विकास के लिए भी पहल की गई है। उज्जैन और बनारस के तर्ज पर यहां भव्य कॉरिडोर निर्माण की योजना पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस कॉरिडोर के बनने से भोरमदेव राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में और अधिक विकसित होगा, जिससे जिले के आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

### इन निर्माण कार्यो का हुआ भूमिपूजन

विकाखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम चमारी में 3 करोड़ 61 लाख की लागत से चमारी से सरईपतेरा तक 6.35 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। ग्राम तारों में 52 लाख 10 हजार की लागत से 1.10 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य, ग्राम लखनपुर में 5 लाख 20 हजार की लागत से शिव मंदिर के पास सड़क निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना अंतर्गत 41 लाख 30 हजार की लागत से ग्राम दलसाटोला एवं लखनपुर में 41 लाख 30 हजार की लागत से सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। इसके अलावा ग्राम डंगनिया में 15 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जो कि ग्रामीणों के लिए आवागमन का मार्ग है। इन सड़कों तथा पुलिया के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सहुलियत होगी, इससे गांवों में सीसी रोड व नाली निर्माण से स्वच्छता, जल निकासी तथा आवागमन की सुविधा और बेहतर होगी।



# भगवान को पाने के लिए मिला है मानव तनः पं.आनंद उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत बड़े घुघरी-कवर्धा में आयोजित तीन दिवसीय मानस प्रवचन के पहले दिन पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि मानव जीवन बहुत दुर्लभ है, भगवान की कृपा से प्राप्त होता है। इसका हमें सदुपयोग करना चाहिए, यह तन भगवान को पाने के लिए मिला है अपना कल्याण करने के लिए, मोक्ष प्राप्त करने के लिए यह मानव तन मिला है। यह मानव तन भगवान का भजन करने के लिए मिला है। भगवान की भक्ति करने के लिए मिला है। वहीं भगवान की कृपा से प्राप्त सत्संग द्वारा हमें विवेक की प्राप्ति होती है, विवेक से पता चलता है कि सत्य क्या है और असत्य क्या है। भगवान का भजन सत्य है भगवान सत्य हैं। विवेक के बिना भव-सागर से पार नहीं जाया जा सकता। कथा सत्संग द्वारा हमें यह ध्यान दिलाया जाता है कि संसार के कार्यो में भगवान को मत भूलो, भजन को मत भूलो समय निकाल कर भजन करो। सत्संग के ही प्रभाव से दासी पुत्र अगले जन्म में देवर्षि नारद बन जाते हैं यह सत्संग की ही महिमा है कि रत्नाकर डाकू सप्तर्षियों का संग पाकर के वाल्मीकि बन गए उल्टा भगवान का नाम जप करके भी वह भगवान के सामान बन जाते हैं। सत्संग के प्रभाव से सब सुधर जाता है, जैसे पारस पत्थर के स्पर्श से लोहा सोना बन जाता है वही सत्संग के द्वारा हमारा जीवन बदल जाता है मंगलमय और कल्याणमय में हो जाता है। भोजन करना, सोना व संतान उत्पन्न करना यह पशु भी करता है धर्म ही हमारे जीवन में ऐसा तत्व है जो मनुष्य को पशुओं से श्रेष्ठ बनाता है धर्माचरण के द्वारा धर्म के पालन के द्वारा ही हम श्रेष्ठ बनते हैं और सफलता प्राप्त करते हैं।

### छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की हड़ताल आज

**हरिभूमि कवर्धा।** मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कबीरधाम के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व में चार सूत्री मांगों को लेकर सभी सहायक शिक्षक शनिवार को हड़ताल किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिसमें मोदी के गारंटी के तहत किए गए वादों को लागू कराने सहायक शिक्षकों की लंबित वेतन विसंगति को दूर करने एवं क्रमोन्नत वेतनमान देने एवं टीआईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने और वीएसके ऐप के माध्यम ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व मे एक दिवसीय आंदोलन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने बताया है कि सरकार बार-बार दिए जाने के बावजूद सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति अब दूर नहीं की गई है जिससे हजारों शिक्षक आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रभावित है। जिसके कारण आज हजारों शिक्षक शाला बंद करके हड़ताल में शामिल होने जाने रहे है। जिससे जिले के सभी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। जिलाध्यक्ष ने चारों ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्षों को शिक्षकों को हड़ताल स्थल राजमहल चौक दुर्गा मंदिर प्रांगण में सभी ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षकों से उन्हें हड़ताल पर रहने के लिए और इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए प्रेरित कर रहे है। सभी शिक्षकों को 17 जनवरी शनिवार को सामूहिक रूप से अवकाश लेकर हड़ताल में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिले के हजारों शिक्षक का इस आंदोलन में शामिल रहने की उम्मीद है। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह चंद्रवंशी, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मिश्रा, पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह ठाकुर, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष धरमू कुर्रे और सभी पदाधिकारी करेगें।

### पोंड़ी में कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा एवं साइटोलाइफ एग्रीटेक मुंबई द्वारा एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हरिभूमि कवर्धा।** कृषि विज्ञान केंद्र, कवर्धा एवं साइटोलाइफ एग्रीटेक मुंबई के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पोंड़ी में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, फसल रोग प्रबंधन एवं मिट्टी स्वास्थ्य सुधार संबंधी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान कृषकों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण किया गया तथा मिट्टी जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित अनुशंसा प्रदान की गईं। कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीपी त्रिपाठी ने गन्ना फसल में लगने वाले प्रमुख रोगों, गन्ने का लाल सड़न, चाबुक कंडवा तथा तना छेदक कीट के समन्वित प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गन्ने के लाल सड़न रोग की रोकथाम हेतु टेबुकोनाजोल से बीज उपचार सहित विभिन्न वैज्ञानिक उपाय किसानों को समझाए। कार्यक्रम में डॉ बी एस परिहार ने गन्ने की उन्नत किस्मों, सस्य क्रियाओं, उर्वरक प्रबंधन, तथा खरपतवार नियंत्रण की तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक किया। इस अवसर पर साइटोलाइफ एग्रीटेक, मुंबई के सीईओं डॉ अमित त्रिपाठी ने स्वयं उपस्थित होकर किसानों को प्रशिक्षण दिया।

## कुआंमालगी रहवासियों को नहीं मिल पा रही मूलभूत सुविधाएं

# आंगनबाड़ी व स्कूल भवन का आभाव, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुआंमालगी में आज भी ग्रामीणों को मूलभूत शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वर्षो से मांग के बावजूद शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे छोटे बच्चों से लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुआंमालगी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 एवं 02 संचालित हैं, लेकिन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण नहीं होने के कारण दोनों केंद्र आज भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के निजी आवास पर संचालित किए जा रहे हैं।



इससे बच्चों को न तो सुरक्षित वातावरण मिल पा रहा है और न ही शासन प्रशासन की योजनाओं का पूर्ण लाभ। वहीं दूसरी ओर शासकीय प्राथमिक शाला कुआंमालगी का भवन जर्जर स्थिति में होने के कारण पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है। इसके चलते बच्चों को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में दो पालियों में पढ़ाई-लिखाई करने मजबूर होना पड़ रहा है। सीमित कक्षाओं और संसाधनों के अभाव में विद्यार्थियों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कई वर्षो से शासन-प्रशासन, जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को कई बार शिकवा-शिकायत तथा ज्ञापन एवं मौखिक जानकारी देते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई व कार्यवाही नहीं हुई है, इससे पालक गणों व ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिस पर पालकगणों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा आंगनबाड़ी व शासकीय प्राथमिक शाला नव-निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि कुआंमालगी व क्षेत्र के नन्हे-मुन्हे बच्चों व विद्यार्थियों को सुविधा व शिक्षा लाभ मिल सकें।

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी से लौटे स्काउट्स का विद्यालय में हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 से 13 जनवरी तक बालोद में संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में जिले से चैतन्य हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल के चार स्काउट विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए जिले का प्रतिनिधित्व किया और उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। जंबूरी के समापन उपरांत 13 जनवरी को विद्यार्थियों की विद्यालय में सकुशल वापसी पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जंबूरी के दौरान विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों में अर्जित बैच विद्यार्थियों को सम्मान स्वरूप प्रदान किए गए।



विद्यालय के प्राचार्य संजय राय, उपप्राचार्य पूनम दास साहू एवं हेडमास्टर सुदर्शन यादव का बीआर कुर्रे द्वारा स्काउट विद्यार्थियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन हुआ। जंबूरी के दौरान विद्यार्थियों को देश के विभिन्न राज्यों एवं अलग-अलग देशों की संस्कृति, रहन-सहन, अनुशासन तथा जीवन मूल्यों को जानने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने वहां आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं साहसिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। विद्यालय लौटने के बाद विद्यार्थियों ने अपने अनुभव अन्य छात्राओं के साथ साझा किए, जो सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय संदेश सिद्ध हुए। इस संपूर्ण उपलब्धि में चैतन्य हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल के स्काउट मास्टर लल्ला यादव की अहम भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं नेतृत्व में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय एवं जिले का नाम रौशन किया। विद्यालय परिवार ने स्काउट मास्टर एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटनो के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### कृषकों को 4.50 करोड़ की रिकवरी राशि जारी

**कवर्धा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया द्वारा आज 7658 गन्ना कृषकों को 4.50 करोड़ रुपये की रिकवरी राशि जारी कर दिया गया है। पंडरिया शक्कर कारखाना के एमडी ने बताया कि पेराई सत्र सुचारू रूप से जारी है। कारखाने को गन्ना विक्रय करने वाले गन्ना कृषकों को अतिरिक्त रिकवरी राशि का भुगतान निरंतर किया जा रहा है। इस सत्र में कृषकों को 99.27 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अतिरिक्त रिकवरी राशि देय थी।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता, कवर्धा नपाध्यक्ष ने स्कूल, कॉलेज में जाकर किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा नगरवासियों एवं विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का विषय मेरे सपनों का कवर्धा निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अंतिम तिथि 18 जनवरी 2026 रखी गई है। प्रतिभागीजन अपना निबंध लेखन को नगर पालिका परिषद कार्यालय के आवक-जावक शाखा में दिनांक 18 जनवरी को शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी दिनांक 18 जनवरी को शाम 5.30 बजे तक अपना फार्म नगर पालिका परिषद कवर्धा के आवक-जावक शाखा कक्ष क्रं. 13 में जमा कर सकते है। उन्होनें अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवकाश के दिवस में आवक-जावक शाखा में कर्मचारी उपस्थित रहकर प्रतिभागियों से प्राप्त फार्म का संकलन करेगें। उन्होनें बताया कि नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आयोजित यह निबंध लेखन प्रतियोगिता केवल एक साहित्यिक आयोजन नहीं, बल्कि शहर के भविष्य को लेकर सामूहिक चिंतन की अनूठी पहल है। आमतौर पर विकास योजनाएँ प्रशासनिक स्तर पर तय होती हैं, लेकिन इस प्रतियोगिता के माध्यम से नगर के नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों को सीधे अपनी सोच, सुझाव और सपनों को व्यक्त करने का अवसर दिया जा रहा है।

### छात्र-छात्राओं के बीच जाकर भाग लेने की अपील की



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सभी स्कूलों, कॉलेजों में जाकर मेरे सपनों का कवर्धा निबंध लेखन प्रतियोगिता की जानकारी दिये। उन्होनें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम, हिन्दी माध्यम, स्वामी करपात्री जी स्कूल, गुरूकुल पब्लिक स्कूल, अभ्युदय पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, पुत्री शाला कचहरी पारा, पीजी कॉलेज, कन्या कॉलेज सहित व्यापारिक प्रतिष्ठान, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ संवाद कर निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। उन्होनें बताया कि मेरे सपनों का कवर्धा विषय के जरिए प्रतिभागी नगर के विकास, स्वच्छता, हरियाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क सुरक्षा, यातायात, संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता एवं नागरिकों की जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। इससे न केवल नागरिकों की अपेक्षाएं सामने आएंगी, बल्कि प्रशासन को भी जमीनी स्तर से उपयोगी सुझाव प्राप्त होंगे, जो भविष्य की योजनाओं में मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं। 23 जनवरी को होगा पुरस्कार वितरण नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता से संबंधित पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से, पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। पहली श्रेणी आम नागरिकों के लिए तथा दूसरी श्रेणी कक्षा 10वीं से ऊपर के स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों को निबंध में कवर्धा नगर के विकास, स्वच्छता, हरियाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क सुरक्षा, यातायात, संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता एवं नागरिकों की जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे। निबंध की कुल शब्द सीमा लगभग 30-35 शब्द की भूमिका, 80-90 शब्द का मुख्य भाग, एवं 25-30 शब्दों का निष्कर्ष होना चाहिए। इस तरह कुल 150 शब्दों की सीमा तय की गई है।

### उत्कृष्ट प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार

निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिसमें प्रथम पुरस्कार 3100, द्वितीय पुरस्कार 2100 एवं तृतीय पुरस्कार 1100 निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त टॉप-20 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता का लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दे रहा है।

**समस्या:** निजी गुड़ फैक्ट्रियां बनीं शासन-प्रशासन और सहकारी शक्कर कारखानों के लिए चुनौती

# जिले के गुड़ फैक्ट्री संचालकों की एक तो चोरी, ऊपर से सीना जोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में धड़ल्ले से संचालित हो रही निजी गुड़ फैक्ट्रियां अब न सिर्फ शासन-प्रशासन के लिए गले की फांस बनती जा रही हैं, बल्कि जिले में संचालित सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों के अस्तित्व पर भी गंभीर संकट खड़ा कर रही हैं। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो सहकारी शक्कर कारखानों में ताले लगने की नौबत आ सकती है। जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले के गांव-गांव में लगभग 400 की संख्या में निजी गुड़ फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इन तथाकथित गुड़ उद्योगों में से गिनी-चुनी फैक्ट्रियों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश में गुड़ का उत्पादन हो ही नहीं रहा है। इसके बजाय यहां बड़े पैमाने पर सीरा तैयार किया जा रहा है, जिसका मुख्य उपयोग बियर निर्माण में होता है। यह सीरा दूसरे राज्यों की बियर बनाने वाली कंपनियों को थोक भाव में बेचा जा रहा है। इससे न केवल राजस्व की चोरी हो रही है, बल्कि नियम-कायदों की भी खुली अनदेखी की जा रही है। इन गुड़ फैक्ट्रियों पर पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के भी गंभीर आरोप हैं। फैक्ट्रियों में लगी चिमनियों से निकलने वाला धुआं आसपास के ग्रामीण इलाकों में भारी प्रदूषण फैला रहा है। इसके बावजूद न तो प्रदूषण नियंत्रण के मानकों का पालन किया जा रहा है और न ही नियमित निगरानी नजर आ रही है। सबसे बड़ा संकट गन्ना खरीदी को लेकर खड़ा हुआ है। निजी गुड़ फैक्ट्री संचालक शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से कहीं अधिक कीमत पर गन्ना खरीद रहे हैं और वह भी नगद भुगतान कर। इससे सीधे तौर पर सहकारी शक्कर कारखाना प्रबंधन और शासन-प्रशासन को चुनौती मिल रही है। हालात यह हैं कि सहकारी शक्कर कारखानों के पंजीकृत किसान भी अब कारखानों को गन्ना देने से कतरा रहे हैं और निजी गुड़ फैक्ट्रियों का रुख कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस स्थिति के चलते कारखाना प्रबंधन और प्रशासन को पंजीकृत गन्ना उत्पादक किसानों को सहकारी कारखानों में गन्ना देने के लिए कार्रवाई की चेतावनी तक देनी पड़ रही है। इसके बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार नहीं दिख रहा। यह प्रशासन और कारखाना प्रबंधन की मजबूरी, लाचारी या फिर राजनीतिक-प्रशासनिक दबाव ही कहा जाएगा कि इतने स्पष्ट उल्लंघनों के बावजूद इन निजी गुड़ फैक्ट्रियों के खिलाफ कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

### प्रशासनिक कार्रवाई का खुला विरोध, धमकी तक



हद तो तब हो गई जब प्रशासन द्वारा दस्तावेज या जानकारी मांगे जाने पर भी गुड़ फैक्ट्री संचालक इसे 'प्रशासनिक प्रताड़ना' करार देने लगे। बीते गुरुवार को इसकी झलक उस समय देखने को मिली, जब जिले के सौ से अधिक गुड़ फैक्ट्री संचालक जिला कार्यालय पहुंच गए और अपने खिलाफ की जा रही कार्रवाई का खुलेआम विरोध किया। संचालकों ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई बंद नहीं की गई तो 21 जनवरी से वे गन्ना खरीदी पूरी तरह बंद कर देंगे। जानकारों का कहना है कि यदि वास्तव में गुड़ फैक्ट्री संचालकों ने गन्ना खरीदी बंद कर दी, तो जिलेभर के गन्ना किसान शासन-प्रशासन के खिलाफ खड़े हो सकते हैं। वजह साफ है निजी संचालक किसानों को सरकार की तुलना में अधिक कीमत और वह भी नगद दे रहे हैं, जो सरकारी व्यवस्था के लिए फिलहाल संभव नहीं दिख रहा। कुल मिलाकर, यदि यही हालात बने रहे तो आने वाले दिनों में कबीरधाम जिले में संचालित सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों के संचालन पर गंभीर संकट खड़ा होना तय माना जा रहा है। अब देखना यह है कि शासन और प्रशासन इस चुनौती से कैसे निपटते हैं।



# मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ का चक्काजाम

## मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों को हो रही परेशानियों सहित विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला कार्यालय का घेराव किया तथा कवर्धा–बिलासपुर मार्ग पर चक्काजाम किया। संघ ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बिलासपुर रोड स्थित बलराम भवन में एकत्र हुए, जहां से रैली के रूप में जिला कार्यालय पहुंचे और शासन–प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालांकि मौके पर कोई भी सक्षम प्रशासनिक अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा, जिससे किसान आक्रोशित हो गए। इसके बाद सभी किसान वापस बलराम भवन पहुंचे और कवर्धा–बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान तहसीलदार पिपरिया प्रमोद चंद्रवंशी, तहसीलदार कवर्धा विकास जैन, एसडीएम कवर्धा चेतन साहू, जिला विपणन अधिकारी अभिषेक मिश्रा, जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम एवं सहायक खाद्य अधिकारी मदन मोहन साहू उपस्थित रहे। किसानों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और धान खरीदी व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए जमकर विरोध किया। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों के अनुरूप धान खरीदी व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो आगामी 22 जनवरी को बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। चक्काजाम के चलते लगभग डेढ़ घंटे तक कवर्धा–बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहा, जिससे आम नागरिकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# पंडरिया जनपद पंचायत में क्रेडिट कैंप का सफल आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ विनय पोयाम के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत जनपद पंचायत पंडरिया में 15 जनवरी को क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों एवं उद्यमियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना तथा आजीविका उन्नयन के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना रहा। क्रेडिट कैंप के दौरान एंटरप्राइज फाइनेंस अंतर्गत 15 प्रकरणों को कुल 16.00 लाख की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई तथा 1.50 लाख की राशि का वितरण किया गया। इसी प्रकार बैंक लिंकेज योजना के तहत 22 स्वयं सहायता समूहों को 132.00 लाख की ऋण स्वीकृति तथा 40.50 लाख की राशि का वितरण किया गया। इससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास को नई दिशा मिली है।

# स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने एक दिवसीय दौरे के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला का निरीक्षण किया। यह दौरा 13 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक बोड़ला बांधाटोला में आयोजित हिंदू संगम कार्यक्रम के तहत किया गया।

गत 5 जनवरी 2026 को जनप्रतिनिधियों एवं खंड चिकित्सा अधिकारी बोड़ला के निवेदन पर स्वास्थ्य मंत्री सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत द्वारा मंत्री को अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने ओपीडी कक्ष, सोनोग्राफी कक्ष,आपातकालीन चिकित्सा सेवा, अंतःरोगी वार्ड, पैथोलॉजी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, दवा वितरण कक्ष एवं प्रसव कक्ष का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के समय भर्ती 7 शिशुवती माताओं को मंत्री ने स्वयं अपने हाथों से महतारी नन्हे किट का वितरण किया। साथ ही अंतःरोगी कक्ष में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति के बारे में चर्चा कर फीडबैक लिया। जनप्रतिनिधियों एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के अनुरोध पर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला के भवन रेनोवेशन के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।



अस्पताल की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं एवं सेवाओं को देखकर मंत्री संतुष्ट नजर आए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री के इस निरीक्षण से क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उम्मीद जगी है और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला को नई मजबूती मिलने की संभावना है।

# केवल पात्र किसानों से होनी चाहिए धान खरीदी:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने धान खरीदी को लेकर नोडल अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि खरीदी के लिए अब केवल 15 दिन शेष हैं। इन बचे हुए दिनों में सिर्फ पात्र किसानों का ही धान खरीदा जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को सतर्क रहते हुए धान खरीदी केंद्रों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिले में अब तक 6220 किसानों से 159.4 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया जा चुका है, लेकिन इसमें और तेजी लाई जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्र प्रबंधकों से लगातार समन्वय बनाकर अधिक से अधिक रकबा समर्पण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि कवर्धा जिला मध्यप्रदेश सीमा से लगा हुआ है, इसलिए धान खरीदी के अंतिम दिनों में अवैध धान परिवहन की आशंका अत्यधिक रहती है। इस पर कलेक्टर ने हर चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करें।

कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष खरीदी दिवसों में सभी नोडल अधिकारी अनिवार्य रूप से अपने-अपने उपार्जन केंद्रों में उपस्थित रहेंगे और केवल वास्तविक धान खरीदी हो यह सुनिश्चित करें।

**सांसद संतोष पाण्डेय ने भाजपा कार्यकताओं के साथ किया भूमिपूजन**

# पोंडी में 30 लाख की लागत से बनने वाले महतारी सदन की रखी गई नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पोंडी क्षेत्र के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने पोंडी ग्राम में 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महतारी सदन के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। प्रदेश में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए महतारी सदन हर जिले में बनाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पाण्डेय के सतत प्रयास से बोड़ला विकासखंड में ग्राम पंचायत पोंडी में पहला महतारी सदन बनाया जा रहा है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, खैरागढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष खम्मन, बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राम किंकर वर्मा, कवर्धा जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीराम साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम साहू, ग्राम सरपंच मिथिला मोतीराम साहू, जनपद सदस्य सदभावना वर्मा, दिलीप वर्मा, नरेश चंद्रवंशी, राजेश साहू, अमित वर्मा, नरेश साहू, काशी राम उइके, दिलीप श्रीवास्तव, अमन पाली, मुकेश कुम्भकार, वेद साहू, रवि निषाद, सुशील यादव, राजेंद्र तिवारी, संतोष साहू,मोंटू निषाद, सचिव जोहन साहू, एवं बड़ी संख्या में पोंडी ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि महतारी सदन के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक सशक्त मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए सतत प्रयासरत है और आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्य किए जाएंगे।



# शिक्षण पद्धतियों में सुधार से विद्यार्थियों के लिए बना सीखने का अनुकूल वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शिक्षा को प्रभावी बनाने में केवल पाठ्यपुस्तकें ही नहीं, बल्कि शिक्षण पद्धतियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बेहतर और नवाचारी शिक्षण पद्धतियां विद्यार्थियों में विषयवस्तु की स्पष्ट समझ विकसित करती हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य एवं गणित विषय के व्याख्याता डॉ. रमेश चन्द्रवंशी द्वारा कक्षा शिक्षण में निरंतर नवाचार किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों के लिए सीखने का अनुकूल वातावरण निर्मित हो रहा है। डॉ. चन्द्रवंशी द्वारा शिक्षण को वास्तविक जीवन से जोड़कर प्रस्तुत किया जाता है। पाठ की शुरुआत दैनिक जीवन से जुड़े प्रश्नों से की जाती है, जिससे विद्यार्थी विषय से सहज रूप से जुड़ जाते हैं। गणितीय अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए विद्यार्थियों को छोटे-छोटे समूहों अथवा जोड़ों में समस्याओं पर कार्य करने का अवसर दिया जाता है। इससे सहकर्मी शिक्षण, आपसी चर्चा और तार्किक सोच को बढ़ावा मिल रहा है। कक्षा शिक्षण में आईसीटी का प्रभावी उपयोग कर अमूर्त अवधारणाओं को सरल रूप में समझाया जाता है। साथ ही चर्चा, चार्ट और गणितीय प्रतिरूप जैसी विभिन्न शिक्षण शैलियों का आवश्यकतानुसार प्रयोग किया जाता है। नई विषयवस्तु को पूर्व में सीखी गई अवधारणाओं से जोड़कर प्रस्तुत किया जाता है, जिससे छात्रों को समझने में आसानी होती है। सांख्यिकी जैसे विषयों को सरल बनाने के लिए स्थानीय समाचार, खेल स्कोर और विद्यार्थियों के प्राप्तांकों जैसे वास्तविक जीवन से जुड़े आंकड़ों का उपयोग किया जाता है। ब्याज, ऋण, बचत और टैक्स जैसे अध्यायों को जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से समझाया जाता है। किसी भी नए कांसेप्ट के बाद विद्यार्थियों को सीखी गई बातों को स्वयं व्यक्त करने का अवसर दिया जाता है। क्लासरूम में पढ़ाने के तरीकों को बेहतर बनाने से विद्यार्थियों के सीखने के लिए अनुकूल वातावरण मिल रहा है।